तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 21 मार्च 2024

12 मित्रता हो तो सुदामा और द्वारिकाधीश श्री कृष्ण के जैसी



11 24 घंटे क्रियाशील रहे मीडिया प्रमाणन और ...





# पुराने अस्पताल भवन के मलबे से बढ़ी समस्या, मरीज व परिजन हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बन रहे अस्पताल भवन के मलबे से अस्पताल में आने वाले एवं भर्ती मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार इस मलबे को हटाने के लिए कहा जा चुका है, लेकिन बताया जा रहा है कि संबंधित ठेकेदार की मनमानी के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है।

खनिज न्यास निधि से 50 लाख की लागत से अस्पताल भवन जीर्णोद्धार का कार्य स्वीकृत हुआ था। कार्य बीते जनवरी 2023 से चल रहा है, कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा कराया जा रहा है। अस्पताल के पुराने भवन के जीर्णोद्धार करने के स्थान पर पुराने भवन को पूरी तरह तोड़कर नया बनाया जा रहा है। पुराने भवन को तोड़ने से निकले मलबे का कुछ अंश कार्य आरंभ होने के एक साल बाद भी निर्माण स्थल पर पड़ा हुआ है।

इस मलबे के ढेर से उड़ने वाली धूल वर्तमान में संचालित अस्पताल भवन के अंदर तक जा रही है। जहां नवीन भवन बन रहा है, उसके ठीक बगल में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का 30 बिस्तर का जनरल वार्ड है। जहां 24 घंटे मरीज भर्ती रहते हैं। इन भर्ती मरीजों के लिए मलबे से उड़ने वाली धूल परेशानी एवं स्वास्थ्यगत समस्या का कारण बन रही है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में धूल ने बढ़ाई परेशानी





### ठेकेदार को कई बार कहा

हमने ठेकेदार को कई बार मलबा उठाने को कहा है। ठेकेदार जल्द मलबा हटाने का आश्वासन देता है, लेकिन उठाता नहीं है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों की सुरक्षा के आवश्यक उपाय किए गए हैं।

- डॉ. जीआर रावटे, खंड चिकित्सा अधिकारी

### हवा के साथ अस्पताल के भीतर जा रही धूल

वर्तमान में तेज हवा की स्थिति प्रायः रोज निर्मित हो रही है। तेज हवा चलने से स्थिति और भी विकट हो जाती है। धूल का गुबार तेज हवा के साथ अस्पताल के अंदर तक जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि संबंधित निर्माण एजेंसी को मलबा हटाने के लिए लगातार कहा जा रहा है, लेकिन ठेकेदार पर उसका कोई असर नहीं हो रहा है। मंगलवार रात आई तेज हवा के कारण इस मलबे से उड़ने वाली धूल के कारण मरीजों और उनके साथ आए परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## खबर संक्षेप



### चलती बाइक से गिरा चालक राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल

**बालोद।** बुधवार को दोपहर की धूप इतनी तेज हो गई कि एक बाइक चालक धूप की वजह से चक्कर लगने के कारण चलती गाड़ी से नीचे गिर गया। इस हादसे में युवक के सिर में गंभीर चोट लगने से वह घायल हो गया, जिसे राहगीरों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर ले जाया गया। मिली जानकारी के अनुसार दरगाहन निवासी परमेश्वर साहू मोटरसायकल से अपने ससुराल ढाबाडीह जा रहा था। इस बीच रास्ते में ग्राम भेंगारी बिरेतरा मोड़ के पास अचानक चक्कर आ जाने से बाइक चलाते हुए सड़क पर गिर गया। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आने के कारण काफी ज्यादा खून सड़क में बह गया। हालांकि राहगीरों ने तत्काल प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र गुरुर में भर्ती कराया।

### शिकायतों के निराकरण व जब्त नकदी पर निर्णय लेने समिति गठित

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आदेश जारी कर लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए आम जनता की सुविधा तथा उनकी शिकायतों का निवारण करने एवं निर्वाचन के दौरान जब्त की गई नकदी इत्यादि पर निर्णय लेने जिला स्तर पर समिति गठित की गई है। इसके अंतर्गत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण पूजा बंसल, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी व्यय अनुवीक्षण मुकुन्द सिंह भारद्वाज को समिति का सदस्य बनाया गया है। जिला स्तरीय गठित समिति में स्थैतिक निगरानी दल या उड़नदस्ते अथवा समिति पुलिस द्वारा की गई जब्ती के प्रत्येक मामले की अपनी ओर से जाँच करेगी। इसके साथ ही समिति सभी मामलों का अवलोकन करेगी तथा जब्ती पर निर्णय लेगी।

**बेमौसम बारिश :** मंगलवार देर रात जिले के अधिकांश स्थानों पर हुई जोरदार वर्षा

# जिलेभर में झमाझम बारिश के साथ ओलावृष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मंगलवार की देर रात जिले भर में झमाझम बारिश हुई। कई जगहों में ओलावृष्टि भी हुई, जिसकी तस्वीरे सामने आई। मंगलवार को सुबह से ही मौसम खराब था, जिसके चलते दोपहर के बाद से बारिश शुरू हो गई, हालांकि शाम को कुछ देर बारिश रुकी रही लेकिन रात करीब 8:30 बजे से बारिश फिर से शुरू हो गई और रात भर झमाझम बारिश होती रही, यही वजह है कि एक ही रात में जिले में औसतन 21.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई, हालांकि बुधवार सुबह मौसम साफ हो गया। अंधड़ बारिश और ओलावृष्टि होने के कारण किसानों के फसल को काफी नुकसान पहुंचा है।

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बारिश की वजह से जिन किसानों के फसल क्षतिग्रस्त हुआ है, वो टोलफ्री नंबर 18002660700 पर सीधा बीमा कंपनी को शिकायत कर सकते हैं, वहीं एक और टोलफ्री नम्बर 14447 पर सीधा सेंट्रल तक फसल नुकसान की जानकारी दे सकते हैं। इसी के साथ ही स्थानीय स्तर पर राजस्व विभाग, कृषि विभाग को भी लिखित शिकायत कर सकते हैं। कृषि विभाग के अनुसार ब्लॉक मुख्यालयों में स्थित कृषि विभाग में किसानों द्वारा आवेदन दिया जाएगा, जिसके बाद वह आवेदन जिला मुख्यालय में स्थित कृषि उपसंचालक कार्यालय तक आएगा, उसके बाद ही बता पाएंगे कि कितने किसानों का फसल नुकसान हुआ है।

## फसल नुकसान को लेकर टोलफ्री नंबर पर 72 घंटे के भीतर कर सकते हैं शिकायत





### जिले में 21.6 मिमी वर्षा, सबसे अधिक गुण्डरदेही में 29.4 मिमी

मंगलवार को बेमौसम बारिश जिले के कोने-कोने में हुई। अंधड़ के साथ गरज चमक और झमाझम बारिश से जन जीवन काफी प्रभावित हुआ। वहीं, बालोद–राजहरा मुख्य मार्ग पर ग्राम गुजरा के आसपास जमकर ओलावृष्टि हुई, जिसकी तस्वीर कुछ ग्रामीणों ने अपने मोबाइल के कैमरे में कैद की। जिले के बालोद तहसील में 18.5 मिलीमीटर वर्षा, गुरुर में 28.5 मिलीमीटर गुण्डरदेही में 29.4 मिलीमीटर, डौंडी में 9.3 मिलीमीटर, डौंडीलोहारा में 8.8 मिलीमीटर, अर्जुन्दा में 28.5 मिलीमीटर तथा मार्री बंगला देवरी में 27.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।





## लोगों को गर्मी से मिली राहत, कुछ किसान मायूस, कुछ खुश

**बालोद।** जिले में बीते कुछ दिनों से मौसम में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जिसके कारण कभी धूप तेज तो कभी आसमान में काले बादल आने से छाँव की स्थिति नजर आ रही थी, लेकिन बीते मंगलवार को दोपहर के बाद मौसम ने फिर करवट बदली और दोपहर के बाद अचानक झमाझम बारिश का नजारा देखने को मिला, जिसमें कई लोगों को भीगना भी पड़ा, वहीं शाम होते बारिश पर अंकुश लगा लेकिन रात में पुनः झमाझम बारिश का असर देखने को मिला, जिसके कारण शाम के बाद से ठंड का असर बहुत ज्यादा था। जिले में बेमौसम बारिश होने से कुछ किसान खुश तो कुछ किसान मायूस नजर आ रहे हैं। लेकिन आम जनता आनंदित नजर आ रही है, क्योंकि उन्हें तेज गर्मी से अभी राहत मिली है। बारिश के होने के बाद मौसम पूरी तरह से खुल गया है और आसमान से काले बादल छट चुके हैं। इसके कारण अब बारिश की संभावना नजर नहीं आ रही है, जिससे किसान अब गेहूँ फसल की कटाई आसानी से कर सकते हैं। हालांकि इससे पहले खराब मौसम के कारण किसान असमंजस की स्थिति में थे, जिन्हें बारिश का डर पहले से ही सताने लगा था और आखिरकार बारिश हो ही गई। लेकिन, अब बारिश होने के बाद मौसम पूरी तरह से साफ नजर आने लगा है, जिसे किसान अब गेहूँ कटाई का काम कर सकते हैं, क्योंकि अब उन्हें बारिश होने का डर नहीं है हालांकि किसानों को कुछ दिन इंतजार करना पड़ेगा। वहीं आम जनता बीते कुछ ▶▶| शेष पेज 11 पर

### धान की फसल को फायदा

किसानों का कहना है कि बीते मंगलवार को हुई बारिश होने से धान की फसलों को बहुत ज्यादा फायदा मिला है। क्योंकि अधिकांश धान के खेतों में पानी की कमी नजर आ रही थी लेकिन अचानक बारिश होने से धान की फसलों के लिए यह बारिश अमृत साबित हो रही है। जामगाँव निवासी किसान घनाराम ने बताया कि धान और गेहूँ दोनों की खेती कर रहा हूँ। लगभग ढाई एकड़ में गेहूँ और डेढ़ एकड़ में धान लगाया हूँ। गेहूँ की कटाई करना प्रारम्भिक स्तर पर था, जिसके कारण कटे हुए गेहूँ को तत्काल इकठा कर बारिश से बचाने के लिए त्रिपाल से ढक दिया हूँ। वहीं, धान के खेतों के लिए यह बारिश वरदान साबित हुई है, क्योंकि अधिकांश किसान पानी की कमी से जूझ रहे थे।

# पत्रकार से मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा






मंगलवार रात एक पत्रकार के साथ दुर्भावनावश गाली गलौज कर हमला करने के साथ ही मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी सटोरिये को गिरफ्तार कर लिया है। पत्रकार की शिकायत के बाद पुलिस ने सटोरिये के खिलाफ गाली गलौज करने, मारपीट की तीन धाराओं सहित प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार अर्जुन्दा क्षेत्र निवासी एक पत्रकार ने बीते दिनों नगर में सट्टे का अवैध करोबार संचालित करने वाले धर्मेन्द्र देवांगन के खिलाफ अखबार में खबर का प्रकाशन किया था। मंगलवार रात जब वह गुण्डरदेही से अपना काम निपटाकर लगभग 7.30 से 8 बजे के बीच जैसे ही कारगिल चौक अर्जुन्दा पहुंचा था, तभी सटोरिया धर्मेन्द्र देवांगन उससे गाली गलौज करने लगा। जब पत्रकार ने इसका विरोध किया, तो उससे मारपीट करने लगा। उसके बाद पत्रकार ने थाने में पहुंचकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

पत्रकार की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के अलावा प्रतिबंधात्मक धारा 151 के तहत कार्रवाई कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# सट्टापट्टी के साथ पकड़ाए चार आरोपी, साढ़े 12 हजार जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- सायबर सेल बालोद और राजहरा थाना पुलिस ने की कार्रवाई

अवैध जुआ सट्टा, शराब के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना राजहरा एवं सायबर सेल बालोद स्टाफ ने टाउन में अवैध सट्टा पट्टी लिखने 04 आरोपियों के विरूध्द अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिखने सहित कुल 12630 नकदी रकम जब्त की।



कार्रवाई के पहले प्रकरण में आरोपी वार्ड क्रमांक 18 महुआ झाड़ के पास राजहरा थाना राजहरा जिला बालोद टिकेश कुमार साहू 22 वर्ष को वार्ड क्रमांक 18 पुराना बाजार महुआ झाड़ के कब्जे से एक नग लाईनवार सट्टा पट्टी पर्ची, नकदी रकम 2220 रूपये एवं एक नग डाट पेन, दूसरे प्रकरण में वार्ड क्रमांक 05 राजहरा थाना राजहरा जिला बालोद निवासी आरोपी देवदास रेडडी 44 वर्ष को वार्ड क्रमांक 20 गांधी चौक नारद पान ठेला के पास राजहरा में अवैध रूप से सटूट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया, आरोपी के कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी पर्ची, नकदी रकम 1250 रूपये एवं एक नग डाट पेन जब्त किया गया।

तीसरे प्रकरण के तहत वार्ड क्रमांक 20 गांधी चौक राजहरा थाना राजहरा निवासी आरोपी खिलावन दास 38 वर्ष को गांधी मूर्ति के पास गांधी चौक राजहरा में अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक नग लाईनदार सट्टा पट्टी पर्ची, नगदी रकम 8000 रुपये एवं एक नग डाट पेन के साथ पकड़ा गया। इसी तरह चौथे प्रकरण के तहत वार्ड क्रमांक 20 चंडी मंदिर के पास राजहरा थाना राजहरा निवासी आरोपी राहुल कुमार साहू 25 वर्ष को वार्ड क्रमांक 20 पान ठेला के पास राजहरा में अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक नग लाईनदार सट्टा पट्टी, नकदी रकम 1160 रूपये एवं एक नग डाट पेन जब्त किया गया। सभी आरोपियों के विरूध्द धारा 4 (क) जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 के तहत कार्रवाई की गई।

### युवती से दुष्कर्म, आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के एक ग्राम की 23 वर्षीय युवती से शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। युवती ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि आरोपी युवक से पुरानी जान पहचान के बाद प्रेम प्रसंग हो गया था। शादी का प्रलोभन देकर उसने शारीरिक संबंध बना लिया। लेकिन बाद में शादी से मुकर गया। टीआई एलपी जायसवाल ने बताया कि युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ धारा 376 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्यवाही के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

हरिभूमि

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

**भट्टे की आग और उड़ने वाली राख के कारण हो रही परेशानी**

# गांव में ईंट भट्टों ने बढ़ाई ग्रामीणों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखंड में ईंट भट्टों का व्यवसाय आम जनता के लिए बड़ी मुसीबत एवं बीमारी का कारण बनता जा रहा है। ग्रामीण शिकायत एवं पंचायत के पत्र के बाद भी उस पर अंकुश नहीं लग रहा है, उल्टे वह तेजी से फल फूल रहा है। ग्राम भेजा मैदानी एवं ढोकला में ईंट भट्ठों से जहां किसान परेशान है, वहीं ग्राम बोहारडीह के एक मात्र ईंट भट्ठे से ग्रामीणों का जीवन नर्क बनता जा रहा है। ग्राम बोहारडीह में ईंट भट्ठा ग्राम के अंदर चल रहा है, ईट भट्ठा के आसपास आवासी घर हैं।

यहां लोग दशकों से निवास कर रहे हैं, उसके बाद भी ग्रामीणों के घर के पास ही ईंट भट्ठा चलाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस ईंट भट्ठा के कारण उससे उड़ने वाली राख ग्रामीण को बीमार बना रही है, ग्रामीण घरों में अनाज सुखाने रखते हैं तो उस पर राख बैठ जाती है, कपड़े धोने के बाद सुखाने रखने पर कपड़े राख से गंदे हो ▶▶| शेष पेज 11 पर



### ईंट भट्ठे के सामने ही आंगनबाड़ी केंद्र

बोहारडीह में जिस स्थान पर ईंट भट्ठा चलाया जा रहा है, उसके ठीक सामने ग्राम का आंगनबाड़ी केंद्र है। ईंट भट्ठे की राख बच्चों को भी नुकसान पहुंचा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ईंट भट्ठे के कारण तापमान ज्यादा हो जाता है, इससे भी ग्रामीणों को स्वास्थ्यगत समस्या आ रही है।

### नहीं दी गई अनुमति

ग्राम पंचायत सचिव भरत पटेल ने कहा कि यहां ईंट भट्ठे के लिए कोई अनुमति नहीं दी गई है। यह पूरी तरह अवैध है। ग्रामीणों की समस्या एवं ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे बुरे प्रभाव को देखते हुए पंचायत द्वारा तहसील कार्यालय में प्रतिवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। वहीं, हल्का पटवारी संदीप साहू ने कहा कि कुलिया हल्का मेरा अतिरिक्त प्रभार क्षेत्र है। मैंने अभी दो माह पूर्व ही प्रभार लिया है। निरीक्षण के बाद नियम के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

संजीवनी

राजनांदगांव का एकमात्र

हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

कैंसर रोग

जांच परामर्श ओपीडी सेवाएं

कैंसर रोग के लक्षण

- मुंह में अल्सर ठीक न होना
- ब्रेस्ट में गांठ
- गर्दन या चेहरे में सूजन
- निगलने में कठिनाई
- थूक में रक्त
- मल में खून
- लंबे समय तक मासिक धर्म
- असामान्य वजन/भूख न लगना
- ऊपरी या निचले अंग में गांठ
- तिल मस्से के रंग, आकार का बदलना

डॉ. सौरभ जैन

MBBS, M.S. (Gen Surgery)
DrNB (Surgical Oncology)
Fellowship in Thoracle Surgical Oncology
Tata Memorial Hospital, Mumbai
Consultant - Surgical Oncology

OPD : 21 मार्च 2024, गुरूवार, समय प्रातः 11 से 12 बजे

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)

Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### नाइट शिफ्ट एलाउंस पर नहीं बनी बात

**भिलाई।** सेल कर्मियों की लंबित मांगों को लेकर दिल्दी में मंगलवार को हुई एनजेसीएसकी बैठक फिर बेनतीजा रही। प्रबंधन पहले क्लस्टर वाइज नाइट शिफ्ट एलाउंस देना चाहता था, जिसे यूनियनों ने खारिज कर दिया । मीटिंग समाप्त होते तक प्रबंधन 160 रुपया नाइट शिफ्ट देने तैयार हुआ लेकिन यूनियन की मांग 320 रु थी । बैठक में हाउस रेंट अलाउंस पर प्रबंधन प्री-रिवाइज्ड बेसिक अर्थात नवंबर 2021 के बेसिक पर देना चाहता था लेकिन यूनियने वर्तमान बेसिक पर मांग रही थी। इसी तरह से हाउस रेंट रिकवरी के तहत मैनेजमेंट क्वार्टर का किराया 2रु/ स्क्वायर फीट लेना चाहता था जिसको यूनियनों ने खारिज कर दिया। बैठक बेनतीजा समाप्त हो गई। इससे यूनियनों में निराशा व नाराजगी रही। जल्द ही अगली बैठक होगी । बैठक में इंटक से हरजीत सिंह सीटू से विश्वरूप बनर्जी बीएमएस से डीके पांडे एच एम एस से राजेंद्र सिंह एटक से डी आदिनारायण प्रबंधन से ई डी कॉरपोरेट ऑफिस बी एस पोपली , ई डी पर्सनल पवन कुमार ,आर प्रसादई डी फाइनेंस अशोक पंडा सीजीएम पर्सनल मानस रथ उपस्थित थे।

### संपत्तिकर का घर बैठे करें भुगतान

**भिलाई।** निगम भिलाई प्रशासन ने वित्तीय वर्ष समाप्ति पर नागरिकों की सुविधा के लिए संपत्तिकर कर सहित निगम के अन्य देय करों का आनलाइन भुगतान की सुविधा प्रदान करते हुए निगम मुख्य कार्यालय के टैक्स काउन्टर सहित जोन के सभी काउन्टर को अवकाश के दिनों में खुले रखे जाने का निर्णय लिया है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम के राजस्व अमले को निर्देशित किये है कि क्षेत्र के बड़े बकायादारो से सम्पर्क कर लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत वसूली किया जाए। उन्होने कर वसूली ठेका प्राप्त एजेंसी एसपीएस को भी अतिरिक्त काउन्टर स्थापित कर संपत्तिकर, जलकर, यूजर्स चार्ज, भू-भाटक, दुकान किराया की राशि भुगतान हेतु सुविधा उपलब्ध कराने को कहा है। बता दे की 31 मार्च के पूर्व नागरिक अपने आवासीय, व्यावसायिक भवनों के संपत्तिकर सहित निगम के अन्य देय कर राशि को जमा करके 1 अप्रेल से लगने वाले 18 प्रतिशत अधिभार से बचे।

### सुभाष ने ली भाजपा की सदस्यता



**भिलाई।** रविवार को इस्पात नगरी में भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पूर्व कोषाध्यक्ष व होटल व्यवसाई सुभाष साव ने भाजपा के दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल, उपमुख्यमंत्री गृहमंत्री विजय शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, भिलाई जिलाध्यक्ष महेश वर्मा, तुलसी साहू, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा की उपस्थिति में विधिवत भाजपा प्रवेश किया। इस अवसर पर साव ने कहा कि उन्होंने अपने 51 कांग्रेस के समर्थकों के साथ कहा, पीएम नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की कार्य शैली, योजनाओं से प्रभावित होकर सांसद विजय बघेल की उपस्थिति में भाजपा में प्रवेश किया। इस अवसर पर दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, भिलाई जिला भाजपा के महामंत्री विजेंद्र सिंह, प्रेमलाल साहू, कोषाध्यक्ष विनोद सिंह, भाजपा नेता शारदा गुप्ता भी भाजपा की टीम के साथ मौजूद थे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भाजपा प्रवेश करने वाले सुभाष साव सहित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गमछा पहनकर पार्टी की सदस्यता लेने पर स्वागत किया। होटल व्यवसायी सुभाष साव लंबे समय से कांग्रेस की राजनीति में विभिन्न पदों पर सेवाएं दे रहे थे।

# गायब मिले केंद्राध्यक्ष, कारण बताओ नोटिस जारी, 23 से जांची जानी हैं 10वीं-12वीं की उत्तरपुस्तिकाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्ग के एक मूल्यांकन केंद्र के अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ एक अन्य मूल्यांकन केंद्र में व्यवस्था बनाए रखने निर्देश दिए गए हैं।

- प्रदेशभर में बनाए गए हैं 36 केंद्र, राजधानी के दानी स्कूल और जेएन पांडेय में होगा मूल्यांकन

अलग खबर

माध्यमिक शिक्षा मंडल सचिव पुष्पा साहू द्वारा दुर्ग के परीक्षा और मूल्यांकन केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इसके बाद ये नोटिस जारी किया गया है। आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग के मूल्याकंन केंद्र के प्राचार्य को स्ट्रांग रूम को व्यवस्थित करने निर्देश दिए गए हैं। यहां मूल्यांकन केंद्र के फर्श उखड़े हुए थे। इसके अलावा अन्य अव्यवस्थाएं भी थी। मूल्यांकन कार्य पूर्ण होने के पहले यहां व्यवस्था सुधारने कहा गया है।

इसके अलावा खालसा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग के केंद्राध्यक्ष को स्पष्टीकरण जारी करने कहा गया है। बगैर सूचना अनुपस्थित थे। इसके अलावा अन्य विद्यालयों में परीक्षा संबंधित किसी तरह की अनियमितता नहीं पाई गई। नकल प्रकरण की भी एंट्री मंडल के पोर्टल पर नहीं हुई है।

## एक अन्य केंद्र में व्यवस्था बनाए रखने नोटिस, अप्रैल तक मूल्यांकन पूर्ण करने लक्ष्य

### अप्रैल में पूर्ण होगा मूल्यांकन कार्य

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा अप्रैल माह में मूल्यांकन कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। बीते वर्ष भी अप्रैल में मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर मई में परिणाम जारी कर दिए गए थे। इस सत्र में भी अप्रैल तक मूल्यांकन पूर्ण कर जल्द से जल्द परिणाम घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। दसवीं की परीक्षा में इस बार 3 लाख 42 हजार नियमित तथा 5,310 स्वाध्यायी छात्रों ने आवेदन किया था। वहीं बारहवीं की परीक्षा में 2 लाख 55 हजार नियमित और 7,256 स्वाध्यायी छात्रों ने आवेदन किया था। इन सभी के परिणाम मई के पहले पखवाड़े तक घोषित हो जाएंगे।



### 36 केंद्रों में जांची जाएंगी कॉपियां

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं की जांच के लिए 36 केंद्र बनाए गए हैं। शिक्षक इन केंद्रों में जाकर कॉपियां जांचेंगे। इनमें से 2 केंद्र राजधानी रायपुर में बनाए गए हैं। रायपुर के दानी गर्ल्स स्कूल और जेएन पांडेय स्कूल में कॉपियां जांची जाएंगी। 23 मार्च से मूल्यांकन कार्य प्रारंभ होगा। इस दौरान केंद्रों में सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। अन्य व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं।

## कार्पोरेट सेलरी अकाउंट की कर्मियों को नहीं दी जानकारी

# बीएसपी व एसबीआई की लापरवाही से आश्रित परिवारों को लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

### इंटक ने जताया असंतोष, एसबीआई अधिकारियों ने दुर्घटना बीमा की जानकारी



बीएसपी और स्टेट बैंक आफ इंडिया की लापरवाही से बीएसपी कर्मियों के आश्रित परिवारों को दुर्घटना बीमा के मामले में लाखों का नुकसान हो रहा है। इस मामले में इंटक ने असंतोष जताते हुए जल्द समाधान की मांग की है। एसबीआई अधिकारियों ने कर्मियों को बीमा योजनाओं की जानकारी देकर पचास लाख तक का इंश्योरेंस होने की जानकारी दी है।

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक के सेक्टर 4 स्थित कार्यालय में एसबीआई के अधिकारियों ने बीएसपी कर्मियों के सैलरी अकाउंट पर 3 लाख से 50 लाख रु तक दुर्घटना बीमा होने की जानकारी दी । स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक के सेक्टर 4 कार्यालय में यूनियन व बैंक अधिकारियों की बैठक में एसबीआई अधिकारियों ने बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया । इंटक नेताओं ने बीएसपी प्रबंधन द्वारा एसबीआई के साथ कॉरपोरेट सैलेरी अकाउंट के लिए हुए एमओयू की जानकारी संयंत्र कर्मियों को न देने पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि इससे हमारे कर्मचारी एवं आश्रित परिवारों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। एसबीआई के अधिकारी प्रभाकर कुमार व डां. अरुण कुमार श्रीवास्तव ने यूनियन नेताओं को स्टेट बैंक मे संयंत्र कर्मियों के सैलरी अकाउंट पर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी । बताया कि हर उस संयंत्र कर्मचारी का 3 लाख से 50 लाख तक का दुर्घटना बीमा ह जिसका सैलरी एसबीआई में आता है । 2018 में प्लांट में हुई आगजनी की घटना में जान गंवाने वाले जिन संयंत्र कर्मियों का अकाउंट एसबीआई में था, उन्हें इस बीमा का लाभ दिया गया । एसबीआई अधिकारी डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि एसबीआई मे कर्मचारी के सैलरी के रूप में आने वाली राशि के अनुसार उसका वर्गीकरण रोडियम प्लेटटिनम डायमंड गोल्ड एवं सिल्वर कैटेगरी में किया गया है। किसी तरह की दुर्घटना में मृत्यु होने पर खाता धारक के आश्रित को उसके अकाउंट कैटेगरी के हिसाब से 3 लाख से 50 लाख रुपए तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा है । हवाई दुर्घटना में 60 लाख से 2 करोड़ तक का बीमा है । एसबीआई में सैलरी अकाउंट धारक के पूरे परिवार को "एसबीआई रिश्ते" स्कीम के तहत 5 लाख रु तक पर्सनल दुर्घटना बीमा कवर रहेगा।

### मिलेगी ओवरड्राफ्ट की सुविधा

एसबीआई अधिकारियों ने कर्मियों ओवरड्राफ्त के बार में भी बताया। अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि कॉरपोरेट सैलेरी अकाउंट होल्डर को 25000 से 5 लाख तक की ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी मिलेगी जिसके तहत कोई भी व्यक्ति एक फॉर्म भरकर अपने 2 महीने के सैलरी के बराबर की राशि ले सकता है एवं उसे किस्तों में 6 महीने के भीतर जमा कर सकता है । इसके साथ ही एयरपोर्ट में लॉन्ज सुविधा मूवी टिकट लाकर रेंट में छूट सहित विभिन्न वेरिएंट के क्रेडिट कार्ड की भी जानकारी दी ।

### खाताधारकों को क्यों नहीं बताया

इंटक पदाधिकारियों ने एसबीआई के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बीएसपी कर्मचारी के सैलरी अकाउंट पर इतनी सुविधाएं हैं तो बैंक की तरफ से इससे पहले खाता धारक को क्यों नहीं बताया गया । यूनियन ने बीएसपी प्रबंधन पर भी आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यदि संयंत्र कर्मचारी के अकाउंट को फाइनेंस डिपार्टमेंट द्वारा कॉरपोरेट सैलरी अकाउंट में कन्वर्ट कराया गया तो इसके तहत मिलने वाले सुविधाओं की जानकारी संयंत्र कर्मियों को क्यों नहीं दी गई । जानकारी के अभाव में कर्मचारी एवं उसका परिवार मिलने वाली सुविधाओं का लाभ नहीं ले पाया । इस दौरान इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा अतिरिक्त महासचिव शेखर कुमार शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार किचलू राजाराम पांडे रमेश कुमार तिवारी आदि उपस्थि थे।

# शेयर मार्केट में ट्रेडिंग का झांसा देकर करोड़ों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शेयर मार्केट ट्रेडिंग का झांसा देकर ठगी करने करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 406,420,467,468,471, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि आदर्श नगर दुर्ग निवासी रोहित कुमार बघेल ने शिकायत किया है कि एआरके टेक्नलाजी कम्पनी ने शेयर बाजार में ट्रेडिंग के नाम पर डीमेट अकाउंट खुलवाकर 1 करोड 29 लाख रुपए की ठगी किया है। पीड़ित के मोबाईल पर काल आया था जो अपना नाम सिद्धार्थ सक्सेना, एआरके टेक्नालाजी कंपनी का कर्मी होना बताया था। उसने पीड़ित को शेयर मार्केट में ट्रेडिंग का काम करने पर इनकम के रुप में 20 प्रतिशत लाभ होने का झांसा दिया। 2-3 दिन सोचने के लिए समय लिया गया। उसके बाद फिर पीड़ित को फोन आने पर सिद्धार्थ ने झांसा में लेते हुए कम्पनी में डीमेट एकाउंट बनाने आधार कार्ड, पेन कार्ड, ईमेल आईडी, अपने मोबाईल से उपलब्ध कराया। सिद्धार्थ दस्तावेजो का फर्जी तरीके से उपयोग कर पीड़ित के डीमेट एकाउण्ट एआरके टैक्नालाजी कम्पनी में खोल दिया।

- पदमनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

एकाउंट से ट्रेडिंग करते समय पुरा कंट्रोल आरोपी अपने पास रखने की बात कही थी। आरोपी ने बताया था कि कंपनी के हैड रिसर्चर सिंघानिया है। उससे बातचीत पीड़ित को सिद्धाथे ने अपने मोबाइल से कराया। सिंघानिया ने पीड़ित को झांसा देते हुए कहा कि खाते में 50 लाख रुपए होने चाहिए। तभी काम होने की बात कही थी। सिंघानिया ने पीड़ित को बताया कि 3 से 4 महिने में खाते में 1-2 करोड आने की बात कही। इसमें कंपनी को 20 प्रतिशत भुगतान कमाई का देना पड़ेगा।

### वाट्सअप से सारी डिटेल भेजा करते थे

पुलिस ने बताया कि खाते में पीड़ित ने रुपए डालना शुरु कर दिया। एक ब्रोकर ने अपना नाम राहूल गुप्ता बताया था। जो मोबाईल के माध्यम से पीड़ित को खाते के बारे में जानकारी देकर रुपए ट्रांसफर करवाया करता था। वाट्सअप के माध्यम से बैंक का नाम, एकाउण्ट नंबर, आईएफएससी कोर्ड भेजा करता था। आरोपियों के खातों पर अलग समय पर कुल 1 करोड़ 31 लाख 66 हजार 999 रुपए डाले गए। एआरके टेक्नालाजी कंपनी के खातो में अंतिम बार 1 मार्च 2024 को 21 लाख 50 हजार रुपए ट्रांसफर किया था। सात दिनों में आरोपियों ने सेटलमेंट होने की बात कही और उसके बाद भी पीड़ित के खाते में लाभांस तक नहीं आया। सिद्धार्थ सक्सेना, ब्रोकर राहुल गुप्ता ने रुपए को लेकर टाल मटोल करते रहे। ठगी का आभास होने पर पुलिस में शिकायत किया गया।

## भट्ठी पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

# इंजीनियर से ढाई लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- साइबर ठग की तलाश में पुलिस,पीड़ित अपने कुछ रुपए होल्ड भी कराए

एक ईंजीनियर साइबर ठगी का शिकार हो गया है। घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। शिकायत के बाद पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज की गई है।भठ्ठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर-1 निवासी प्रशांत सिंह बीई पास मैकेनिकल इंजीनियर है। उसके मोबाइल पर 14 फरवरी को एक मैसेज आया। मैसेज में अज्ञात आरोपी ने गूगल मैप रिव्यू कर और ऑनलाइन रेटिंग देकर रोजाना तीन से पांच हजार रुपए की कमाई करने का झांसा दिया। जिसे देख पीड़ित ने उससे पूछताछ करना शुरु किया। आरोपी ने किसी विनीत रेस्टोरेंट एंड बार का लिंक पीड़ित को भेजा और उसे ऑनलाइन रेटिंग देने के लिए कहा। पीड़ित ने ऑनलाइन 5 स्टार की रेटिंग दी। इस पर आरोपी ने कहा कि वो 200 रुपए कमा चुका है और उस राशि को पीड़ित के यूपीआइ पर ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद आरोपी ने पीड़ित को एक टेलीग्राम ग्रुप में जुड़ने के लिए बोला। उसे कई प्रकार के लुभावने मैसेज भेजे। इसके बाद आरोपी ने उसे एक टास्क पूरा करने का काम दिया। जिसके लिए सात हजार रुपए एक खाता में जमा करने की बात बताई। आरोपी की बातों में पूरी तरह पीड़ित आ चुका था। रुपए खाते में ट्रांसफर होने के बाद आरोपी ने कहा कि उसने गलत कंपनी में रुपए भेज दिया है। आरोपी ने 7 हजार वापस करने के लिए पीड़ित से 29,600 रुपए का डिमांड किया।इसी तरह पीड़ित को अलग अलग बहाने बनाकर 2 लाख 64 हजार 600 रुपए का ठगी कर दिया।

# बीएमजी में चंद्रशेखरन के उपन्यास का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मलयालम कथाकार चंद्रशेखरन पिल्लई के मलयालम उपन्यास बाकीबन्ना जीवितम का विमोचन समारोह बीएमजी सेक्टर 6 के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि साहित्यकार व मैत्रीनिकेतन कालेज की डायरेक्टर राजम सुधाकरण, पत्रकार ईवी मुरली, नारायण कैमल, दिग्विजय कालेज राजनांदगांव की प्राध्यापक प्रो. अनिताकुमार, कवि केए नारायणन, बीएमजी के अध्यक्ष एमएस रेखुकुमार व सुरेश कुमार थे। अतिथियों ने श्री पिल्लई के उपन्यास को अपनी मिट्टी से जुड़ी कृति निरुपित करते हुए कहा कि उनकी कलम आंचलिकता को रुपायित करती है। उपन्यास में केरल के प्राकृतिक सौंदर्य और जनजीवन का जीवंत चित्रण किया गया है। राजम सुधाकरण ने कहा कि चंद्रशेखर पिल्लई की रचना केरल की संस्कृति और परंपरा के साथ जनसरोकार को अभिव्यक्त करती है। पूर्व में कथाकार चंद्रशेखर पिल्लई ने कहा कि उपन्यास एक भोगा हुआ यथार्थ है और फीलिंग है। अपने गांव स्मृतियों को संजोया गया है।

# जवाहर नगर में चखना सेंटर शुरू करने का महिलाओं ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



जवाहर नगर में लगने वाले चखना सेंटरों के खिलाफ मंगलवार को महिलाओं ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान चखना सेंटर के दुकान संचालक छोड़कर भाग निकले है। इस दौरान प्रदर्शन करने वाली महिलाओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष महेश वर्मा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा ही चखना सेंटर यहां खोला गया है। जबकि महिलाओं का कहना है कि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन से शिकायत कर चखना सेंटरों को बंद कर दिया गया था। फिर दोबारा जवाहर नगर में करोबार शुरु हो गया है। यहां से महिलाओं का गुजरना भी खतरे से खाली नहीं रहता है। चखना सेंटक से सौ मीटर की दूरी में शराब दुकान भी यहां है। जहां से शराब लेकर शराबी चखना सेंटर में पिया करते है। शराब के नशे में आने जाने वालों के साथ लगातार गाली गलौज मारपीट भी करना आम बात हो गया है। इसी के चलते यहां से चखना सेंटर को बंद करने की मांग की गई है। प्रदर्शन कर रही महिला आशा वर्मा ने आरोप लगाया कि महेश वर्मा को चखना सेंटर की शिकायत की गई थी लेकिन उन्होंने निगम आयुक्त के पास भेज दिया। इससे साबित हो रही है महिलाओं को गुमराह किया जा रहा है। चहां चखना सेंटर लगा है उक्त दुकन महिलाओं को मिलना था लेकिन चखना सेंटर वालों को मिल गया है। इसके चलते कई दिक्करतों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने बताया कि समय रहते चखना सेंटर बंद कर दिया जाए अन्यथा सारी महिलाएं खुलकर प्रदर्शन करेगें।

- बंद करने की मांग को लेकर महिलाएं लामबंद

## विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारी हुए शामिल

# बीएमएस की जिला कार्यसमिति घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भारतीय मजदूर संघ जिला दुर्ग जिला की बैठक में बीएमएस भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारी शामिल हुए।

स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ महासंघ के अंतर्गत नगर निगम भिलाई,नगर निगम दुर्ग, रिसाली निगम, बिजली कर्मचारी संघ महासंघ से दुर्ग भिलाई इकाई के पदाधिकारी, एनएसपीसीएल से संबध यूनियन, सफाई कर्मचारी संघ आंगनवाड़ी, निर्माणी, सुरक्षा कर्मचारी संघ, ठेका मजदूर संघ, भिलाई इस्पात मजदूर संघ भिलाई सहित संघ से पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे. बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मिथिलेश विश्वकर्मा ने की। प्रदेश महामंत्री दिनेश कुमार पांडेय, मंत्री राधेश्याम जयसवाल, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ से शरद दुबे उपस्थित थे।

श्री पांडेय ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को उनके अधिकार दिलाने के लिए उनके जीवन स्तर में उत्कृष्टता लाने के लिए तेजी से कार्य करना है इसके लिए हमें न सिर्फ जिला स्तर पर बल्कि तहसील, पंचायत और गांव स्तर तक पहुंच कर लोगों की सेवा करनी है। राष्ट्रीय मंत्री राधेश्याम जयसवाल ने कहा कि हम उद्योगों में जाएं जहां हमारी यूनियन नहीं है वहां यूनियन बनाएं और श्रमिक साथियों के अधिकारों की, सरकार द्वारा दिए जाने वाले स्कीम का लाभ मिले, न्यूनतम सैलरी एक्ट का पालन हो, सामाजिक सुरक्षा श्रमिकों को मिले।

### मिथिलेश को मिली जिम्मेदारी

बीएमएस की जिला कार्यसमिती की घोषणा की गई। अध्यक्ष मिथिलेश विश्वकर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष रवि चौधरी, उपाध्यक्ष लक्ष्मी जांगड़े, दीनानाथ प्रसाद, शशीकांत यादव, अशोक शर्मा,मम मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी सह मंत्री संगीता यादव, मोहन नामदेव, सुरेन्द्र वैष्णव, विशाल लकडा, कोषाध्यक्ष अनिल सिंह, सह कोषाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, संगठन मंत्री विवेक रंगनाथ, प्रचार मंत्री रमेश दत्त पाण्डेय कार्यसमिति सदस्य ममता नाग, गंगा धृतलहरे, दीपा जोशी, राम सुमन कोरी, देव कुमार साहू, वाल्मीकि सिंह, महावीर कौर, सुरेन्द्र चौहान का मनोनयन किया गया।

# शिवाजी महाराज ने समाज को दिया था स्त्री सम्मान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाराष्ट्र मंडल द्वारा मंगलवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की महाआरती की गई। कार्यक्रम में बड़ी सख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इसी दौरान मंडल के अध्यक्ष अजय काले, महाराष्ट्र नाट्य मंडल के निर्देशक अनिल श्रीराम कालेले और वरिष्ठ आजीवन सभासद विजय निमोणकर ने शिवाजी महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और गुलाल का टीका लगाया। इस मौके पर महाराष्ट्र नाट्य मंडल के सचिव प्रसन्न निमोणकर ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपनी माता को सती न होने से मनाकर समाज को स्त्री सम्मान का संदेश दिया था। इससे पहले भी शिवाजी महाराज जब मुगल शासक से युद्ध जीतकर लौटे तो उनके सैनिकों ने पराजित शासक की बेगम को उनके सामने बंदी बनाकर प्रस्तुत किया, उस समय भी शिवाजी महाराज ने न केवल अपने सैनिकों को इस नीच हरकत के लिए चेतावनी भरी फटकार लगाई, इस कार्यक्रम में संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी निरंजन पंडित, वरिष्ठ सभासद दिलीप लांबे, शचिंद्र देशमुख, सुचिता देशमुख, रितेश बाबर, रीना बाबर, सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी सहित कार्यकारिणी सदस्य, विभिन्न समितियों के पदाधिकारी और अनेक सस्दय उपस्थित रहे।

- छत्रपति शिवाजी महाराज की महाआरती

## खबर संक्षेप

### महिला शक्ति ने बिखेरी प्रतिभा

दुर्ग। विगत दिनों जेसीआई दुर्ग-भिलाई ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आदर्शिनी कार्यक्रम का आयोजन किया। चेयरपर्सन पद्मा योगेश राठी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य हाइलाइट्स में निवर्तमान चेयरपर्सन मोनिका खेतान द्वारा प्रस्तुत किए गए जीवंत फैशन शो में नारीत्व और उनकी उपलब्धियों को समर्पित किया गया। उन्होंने महिला शक्ति के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की और समृद्धि के संकेत के रूप में इसे उज्ज्वलता प्रदान की। सचिव नॉमिनी ने दृष्टिकोण साझा किया। कार्यक्रम में नवी मोनिका पांडे, उद्यम से पूनम मंत्री, महिला सशक्ति से डॉ. सोनाली चक्रवर्ती, शिक्षा से डॉ. हंसा शुक्ला, कानून से नीता जैन, चिकित्सा से डॉक्टर मानसी गुलाटी, फैशन से कंचन गुप्ता, व्यापार से पायल जैन शामिल थीं उन्हें अलंकृत किया गया। कार्यक्रम के निदेशक लेडी जेसी विकिता मित्तल ने संचालन किया। कार्यक्रम सह निदेशक डॉ. गुंजा पिंचा ने एक आकर्षक फैशन शो प्रस्तुत किया, जिसमें रचनात्मक रूप से गणमान्य अतिथियों को शामिल किया गया। कार्यक्रम में नीति बल्लेवार, आकांक्षा लूनिया, रेशू जैन, प्रीति राठी, नितिशा मोदी की उपस्थिति सराहनीय रही।

### स्कूल में बच्चों को बांटे गए अंगूर

दुर्ग। विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुर्ग गोविंद साव द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला डिपरा पारा एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पँचशील में प्रधान मंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत नेवता भोजन कार्यक्रम में सभी बच्चो अँगूर फल वितरण किया गया। जिसमें प्राथमिक शाला के 73 बच्चो को एवम पूर्व माध्यमिक शाला 70 बच्चो को अंगूर वितरण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से विकासखंड श्रोत समन्वयक किरण चंदवानी, मनीष मिश्रा, संजय चंद्राकर, कमल वैष्णव, स्वराज एवं स्कूल के प्रधान पाठक सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जानकारी के अनुसार ग्राम पथरिया थाना बोरी जिला दुर्ग निवासी श्रीमती नागेश्वरी निषाद की विगत 10 जुलाई 2023 को आग से जल जाने से, ग्राम कोपेडीहए तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी ओमप्रकाश देवांगन की विगत 24 मई 2022 को नदी के पानी में डूबने से और शीतला पारा हथखोज थाना पुरानी भिलाई तहसील भिलाई-03 जिला दुर्ग निवासी आयान हुसैन की विगत 21 अगस्त 2020 को सोते वक्त सांप के काट लेने से मृत्यु हो गयी थी।

### मृतक के परिजन को मिली आर्थिक सहायता

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम देउरकोना, शिवकोकड़ी, थाना बोरी, तहसील एवं जिला दुर्ग निवासी दौलत राम की विगत 22 जनवरी 2021 को टक्कर मारो और भाग जाओ मोटर दुर्घटना होने से उपचार के दौरान 25 जनवरी 2021 को मृत्यु हो गई थी।

## पेज 9 के शेष

### लोगों को गर्मी से ...

दिनों से तेज धूप और गर्मी से परेशान नजर आ रहे थे लेकिन बारिश होने के बाद गर्मी से राहत मिली है और तापमान में भी गिरावट नजर आ रही है। जामगांव निवासी किसान लोकेन्द्र साहू ने बताया कि बीते मंगलवार को जो बारिश हुई है, उससे सब्जी की खेती में कुछ नुकसान नहीं हुआ है, यदि बारिश के साथ ओलावृष्टि होती तो सब्जी के फसलों को नुकसान होता।

### गांव में ईंट भट्ठों ...

जाते हैं, भट्ठे से उड़ने वाली राख ग्रामीणों की आंखों में घुसकर नुकसान पहुंचा रही है।

# माननीयों के फोटो हटाने के निर्देश, विभाग के वाहनों का करें उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक में जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। विधानसभा चुनाव में भारी भरकम वाहनों के बिल बनाने के बाद भुगतान नही होने की सीख को लेकर कलेक्टर ने इस बार विभागीय वाहनों का ही उपयोग करने के निर्देश दिए है, जिसका वहन विभाग करेगा।

कलेक्टर सुश्री चौधरी ने कहा कि, आदर्श आचरण संहिता लगने के पश्चात 24, 48 एवं 72 घंटे अंतर्गत संपादित सभी कार्य निर्धारित समयावधि में प्राथमिकता के साथ पूर्ण कर लिया जाए। विभागीय शासकीय वेबसाईट से मंत्री एवं योजनाओं की विज्ञापन आदि हटा ली जाए। उन्होंने कहा कि, चुनाव के दौरान सभी प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित है, कोई भी अधिकारी, कर्मचारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुमति बिना न ही अवकाश पर जाएंगे और न ही मुख्यालय छोड़ेंगे। नवीन राशनकार्ड का वितरण नहीं किए जाने की जानकारी निकायों और जनपदों में निर्देश दिए है।

## बेहतर स्वीप प्लान के साथ हो मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

### वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे ईपिक कार्ड

कलेक्टर सुश्री चौधरी ने कहा कि, मतदाता के पास यदि एपिक कार्ड उपलब्ध नहीं है तो वे ईसीआई के वेबसाईट से ई-एपिक डाउनलोड कर मतदाता पहचान हेतु आयोग द्वारा निर्धारित किसी भी एक पहचान पत्र दिखाकर मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। उड़नदस्ता दल (एफएसटी) एवं स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी में जिन अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वे कार्य प्रारंभ सुनिश्चित करें।





### मतदान केन्द्रों में रहेगी ऐसी व्यवस्था

कलेक्टर ने कम से कम 30 सहायक मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चत कराने कहा। उन्होंने जिले के शत-प्रतिशत मतदान केन्द्रों में व्हील चेयर की व्यवस्था हेतु समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। इसी प्रकार मतदान केन्द्रों में वोटर सहायक, कुलर एवं पेयजल की समुचित प्रबंध व केन्द्रों के बाहर आवश्यक जानकारियां उल्लेखित कराने कहा हैं, वहीं जिले के 85 प्लस और दिव्यांग वोटर्स का शत-प्रतिशत मतदान संपन्न कराना है, इस हेतु संबंधित अधिकारी मतदान दल एवं सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। जिले में मतदाता जागरूकता हेतु बेहतर प्लान के साथ सभी एआरओ स्वीप कार्यक्रम कराए।

## लापरवाही : जिले में मिलरों ने जमा कराए सिर्फ 49 फीसदी चावल

# एग्रीमेंट के पांच माह के बाद भी सिर्फ एक माह का चावल जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

### राईस मिलरों का भौतिक सत्यापन नहीं, सरकारी धान की अफरा-तफरी

जिले के मिलरों ने वर्ष 2023-24 कस्टम मिलिंग एग्रीमेंट के नियमों की जमकर धज्जियां उडाई जा रही हैं। करीब 73 लाख क्विंटल धान का उठाव करने के बाद मिलिंग क्षमता (25 लाख क्विंटल चावल) अनुसार पांच माह तक 125 लाख क्विंटल चावल जमा हो जाना था। लेकिन नवंबर से मार्च तक इन पांच माह में मिलरों ने प्रशासन को ठेंगा दिखाकर सिर्फ 25 लाख क्विंटल चावल जमा किया है। यानि क्षमता के अनुसार सिर्फ एक माह का चावल जमा हुआ है।

जानकारी अनुसार नवंबर माह से फरवरी तक मिलरों से 117 लाख क्विंटल धान का कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंद किया गया था, जिसके तहत मिलरों को डीओ जारी किए जाने के बाद अब तक 73 लाख 57240 क्विंटल धान का उठाव भी कर लिया गया हैं। जिले में 151 अरवा व उसना राईस मिलरों की हर माह मिलिंग क्षमता 25 लाख 86 हजार 28 क्विंटल की है, जिसके अनुसार नवंबर (2023-24) से मार्च तक मिलरों को 49 लाख 97760 क्विंटल (प्रति क्विंटल धान में 67 किलो चावल) चावल जमा करना था। लेकिन जिले के मिलरों ने धान उठाने के बाद अब तक सिर्फ 24 लाख 33250 क्विंटल जमा किया है, जबकि क्षमता के अनुसार 125 लाख क्विंटल चावल जमा हो जाना था। यानि उठाए गए धान का कस्टम मिलिंग करके अब तक चावल जमा हो जाना था। लेकिन मिलरों ने सरकारी धान को बाजारों में खपाकर एग्रीमेंट की धज्जियां उडाने में लगे है।



### दुर्ग के आलावा अन्य जिले से उठाया धान

जिले में धान का उठाव नही हुआ था, इसके बाद भी यहां के मिलरों को प्रदेश के अन्य जिले में धान उठाने डीओ जारी किया गया। जानकारी अनुसार दुर्ग जिले के मिलरों ने प्रदेश के अन्य जिलो से 19 लाख 88 हजार 790 क्विंटल धान उठाया हैं। लेकिन समय पर मिलिंग का चावल नही देने से दूसरे जिले के प्रशासनिक तंत्र के पसीने छूट गए है।

### खुले बाजार में चावल बेचने की आशंका

पिछले साल की कस्टम मिलिंग के तहत चावल जमा नही करने के चलते तत्कालीन कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने मिलों में कार्यवाही के निर्देश दिए थे। दो से तीन मिल में भौतिक सत्यापन करने पर चावल तो दूर धान ही गायब मिला। इस साल भी मिलरों ने सरकारी धान की अफरा-तफरी की है। यही कारण हैं कि, क्षमता के अनुसार चावल जमा नही किया गया है। अफसर मिलरों से धान के बदले बैंक गारंटी जमा करने का हवाला देते है। लेकिन मिलिंग की क्षमता की मानिटिरिंग नही हो रही है।

### राशन दुकानों के चावल पर निर्भर

इन दिनों लगातार राशन दुकानों से चावल तस्करी की घटना सामने आ रही है। कस्टम मिलिंग के तहत मिलरों ने सोसायटी से धान का उठाव तो कर लिया है। लेकिन अब तक चावल नान और एफसीआई में जमा नही किया गया है। प्रशासन द्वारा अगर भौतिक सत्यापन राईस मिलों की कराई जाए तो गडबडी सामने आ सकती है। पिछले दिनों कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने खाद्य विभाग को भौतिक सत्यापन के निर्देश टीएल की बैठक में दिए थे। लेकिन अफसर दफ्तर तक ही पैर सकेले बैठे हुए है।

### करा रहे जमा

जिले के मिलरों से चावल जमा कराया जा रहा है। क्षमता के अनुसार चावल जमा करा लिया जाएगा।
**-सीपी दीपांकर,** खाद्य नियंत्रक, दुर्ग

# 24 घंटे क्रियाशील रहे मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

■ कलेक्टर ने कलेक्टोरेट में विभिन्न सेलों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए निर्देश

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टोरेट के अलग-अलग कक्षों में विभिन्न सेलों में पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान चन्द्रवाल ने जनसंपर्क कार्यालय में बनाए गए मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति कक्ष में पहुँचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

चन्द्रवाल ने जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर से मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति के कार्यों के संबंध में जानकारी ली। जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर ने कलेक्टर चन्द्रवाल को मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति के विभिन्न सेलों के द्वारा प्रतिदिन संपादित किए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। कलेक्टर चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सेल, सोशल मीडिया सेल, मीडिया अनुवीक्षण एवं एमसीएमसी के प्रभारी एवं सहयोगी अधिकारियों से उनके द्वारा प्रतिदिन संपादित किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली।

चन्द्रवाल ने मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति को 24 घण्टे क्रियाशील रखने तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सेल के अंतर्गत विभिन्न पालियों के लिए नियुक्त किए गए अधिकारी-कर्मचारियों का समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर चन्द्रवाल ने मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति के कार्य के लिए अधिकारी-कर्मचारियों के उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कार्य में अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने व्यय अनुवीक्षण कक्ष तथा पोस्टल बैलेट को सुरक्षित रखने कोषालय विभाग के अंतर्गत बनाए गए डबल लॉक का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने जिला कोषालय अधिकारी को डबल लॉक में पोस्टल बैलेट को सुरक्षित रखने के समुचित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बौखलाहट से कर रहे हैं अनाप-शनाप बयानबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ एफआईआर से तिलमिला गए हैं भूपेश



विधायक गजेन्द्र यादव ने महादेव सट्टा एप्प घोटाला मामले में फंसे छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के उन आरोपों को अशोभनीय बताया है, जिसमें एफआईआर के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य की भाजपा सरकार का हाथ होना गया था। विधायक गजेन्द्र यादव ने इन आरोपों को चोर की दाढ़ी में तिनका निरुपित करते हुए कहा कि, महादेव सट्टा एप्प घोटाला का यह मामला पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल का है। एजेंसी द्वारा मामले की जांच कर आरोप तय किए गए है। वर्तमान में आचार संहिता प्रभावशील है। ऐसी स्थिति में प्रशासनिक अधिकारी सर्वेसर्वा होते है। किसी भी फैसले पर राज्य सरकार का हस्तक्षेप नहीं होता है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को न्यायिक प्रक्रिया का सामना और सम्मान करना चाहिए, लेकिन वे एफआईआर से तिलमिला गए और अनाप-शनाप राजनीतिक बयानबाजी व आरोप लगा रहे है। जिसका उन्हें कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। मीडिया से चर्चा करते हुए सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने एक सवाल के जवाब में कहा कि ईओडब्ल्यू की यह कार्यवाही न ही लोकसभा चुनाव में राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से और न ही राजनीतिक द्वेषवश की गई है। महादेव सट्टा एप्प मामले की पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल के समय से जांच चल रही थी। जांच पूर्ण होने पर एफआईआर की गई है। दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा है कि राज्य की भाजपा सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने में व्यस्त है।

## परेड के लिए करा रहे प्रैक्टिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में स्थित प्रथम बटालियन भिलाई के 35 पुरुष जवानों 6 महीना कड़ी मेहनत जोर लगाकर करके अपना नाम रोशन कर आईटीबीपी बीटीसी भानु (पंचकूला) हरियाणा से छत्तीसगढ़ में पहला पाईप बैण्ड कोर्स कर आये है। जिसमें से बैण्ड मास्टर आरक्षक 558 हेमंत वर्मा द्वारा हर दिन सुबह-शाम अपने साथियों प्रेक्टिस (ड्रील) करा रहे हैं। जैसे की 26 जनवरी व 15 अगस्त परेड एवं आल इंडिया कंपीटिशन में भाग ले सकें। इसमें जवान छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के अलग-अलग यूनिट से शामिल हैं।

### मोहड़ में एक से शिव महापुराण

राजनांदगांव। ग्राम मोहड़ वार्ड नं. 40 में आगामी एक से 7 अप्रैल तक अमृतकथा शिव महापुराण का भव्य आयोजन राधा माधव महिला मंडल के तत्वावधान में रखा गया है। कार्यक्रम के कथा व्यास प्रख्यात धाराप्रवाह कथा वाचक पं. पूज्य श्री राजू कृष्ण महाराज कोलियारा वाले होंगे।

# चिकित्सा शिविर में ग्रामीण लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा आदर्श इस्पात ग्राम कातरो तथा उमरपोटी में आयोजन किया गया शिविर में 102 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया। प सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक राहुल सिंगरोल, फार्मासिस्ट श्री शषि भूषण, शुगर एवम बीपी परीक्षण के लिए श्रीमती रेखा देव, पंजीयनकर्ता शम्भू दयाल तथा विभाग की ओर से श्री बुधेलाल उपस्थित थे। उमरपोटी में आयोजित चिकित्सा शिविर में कुल 47 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया। इस शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ धीरज कुमार, फार्मासिस्ट श्री शषि भूषण, शुगर एवम बीपी परीक्षण के लिए श्रीमती रेखा देव, पंजीयनकर्ता श्री शम्भू दयाल तथा विभाग की ओर से श्री बुधेलाल उपस्थित थे।

## सभी तरह के वाहनों की सघन जांच के दिए गए निर्देश

# प्रलोभन रोकने बस व रेलवे स्टेशनों पर रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ गैर कानूनी गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने चुनाव प्रचार के दौरान किसी भी प्रकार की प्रलोभन या अनुचित प्रभाव डालने वाले तत्वों को रोकने के लिए सभी बॉर्डर चेक पोस्टों, रेल्वे स्टेशनों, बस स्टैंडों एवं स्टापजों, बैंकों में अनियमित लेनदेनों और गैर कानूनी गतिविधियों पर खास नजर रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से लोकसभा चुनाव के लिए सभी अधिकारियो को सावधानी बरतने और सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा है।

कलेक्टर सुश्री चौधरी ने शराब की अवैध बिक्री एवं वितरण को रोकने हेतु जिले के सभी उत्पादन की इकाईयों एवं गोदामों आदि पर निगरानी रखने, अवैध शराब जप्त करने के लिए छापेमारी करने, सभी चेक पोस्टों और बॉर्डर चेकपोस्टों पर शिफ्टवाइज ड्यूटी लगाकर वाहनों पर सतत रूप से गहन निगरानी रखने, शराब दुकान खुलने एवं बंद होने के समय की निगरानी रखने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए।



### बैंक खातों पर नजर रखने निर्देश

कलेक्टर ने अवैध धन की आवा-जाही पर सतत मॉनिटरिंग कर आयकर कानूनों के तहत आवश्यक कार्यवाही करने आयकर अधिकारी को निर्देश दिए है। उन्होंने बैंकों में अनियमित वित्तीय लेनदेन, दस लाख रूपए से अधिक के ट्रांजेक्शन, नए खातों की मॉनिटरिंग, उद्योगों-फर्मों के स्टॉक वेरिफिकेशन करने के साथ ही होटलों, फार्म हाउस, वित्तीय दलालों, कैश कुरियर, आयकर रिटर्न दाखिल करवाने और सत्यापित करने कहा।

### इन गतिविधियों पर रहेगी नजर

उन्होंने कहा कि, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराए जाने उड़नदस्ते (एफएसटी) और स्थैतिक जांच दल (एसएसटी) गठित कर दलों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र स्तर पर उड़न दस्ते तैनात रहेंगे, इसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, एक वीडियोग्राफर और पुलिसकर्मी रहेंगे। यह दल अवैध रूप से नगदी, शराब अथवा नगद राशि, कपड़े, बर्तन, जेवर, शराब आदि के वितरण पर निगरानी रखने और जिले एवं राज्य की सीमा क्षेत्रो में बनाए गए चेक पोस्ट, बैरियर, नाका में वाहनों की सघन चेकिंग करने को कहा।

# दो दिनों में 29 हजार से अधिक बैनर पोस्टर सहित अन्य सामाग्रियां हटाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ नगर निगम की कार्रवाई

लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होते ही नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में युद्धस्तर पर सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही निरन्तर जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र में निगम अमला द्वारा मुस्तैदी के साथ सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही की जा रही है। सार्वजनिक एवं निजी सम्पत्तियों से दो दिनों में 29 हज़ार से अधिक बैनर, पोस्टर वॉल राइटिंग, पत्थरों को ढ़कने एवं अन्य प्रचार समाग्री हटाया गया। इसके अलावा 40 होर्डिंग्स हटाए गए। आचार संहिता लगने से अब तक हजारो बैनर, वॉल राईटिंग एवं अन्य प्रचार सामग्री हटाई गई। निगम द्वारा शहर में गली मोहल्ले सहित चौक चौराहों से बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स एवं अन्य प्रचार सामग्री जब्त भी की गई।

## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**गुण्डरदेही।** लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार 21 मार्च को दोपहर एक बजे लोकसभा चुनाव कार्यालय गुण्डरदेही में विधानसभा स्तरीय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन रखा गया है। सम्मेलन में विधानसभा गुण्डरदेही में निवासरत प्रदेश जिला मंडल के सभी मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य समस्त जन प्रतिनिधि, शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक व सह संयोजक, बूथ के अध्यक्ष एवं सदस्य शामिल होंगे।

### विधानसभास्तरीय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**बालोद।** लोकसभा चुनाव 2024 क्षेत्र क्रमांक 11 कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बालोद विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन 21 मार्च को ग्राम मुक्तांगन हथौद में रखा गया है। सम्मेलन में सांसद मोहन मांडवी, भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी सभा को संबोधित करेंगे। बालोद शहर मंडल, बालोद ग्रामीण मंडल एवं गुरुर मंडल के हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### प्रश्नपत्र छपाई में करोड़ों खर्च, जांच की मांग

**रायपुर।** रविवि में प्रश्नपत्र छपाई में गड़बड़ी को लेकर एनएसयूआई ने कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा है। एनएसयूआई के मुताबिक, रविवि द्वारा वार्षिक परीक्षाओं के प्रश्नपत्र छापने के लिए 2 करोड़ 56 लाख खर्च किए गए हैं। जबकि विवि के बजट में 50 लाख रुपए का ही प्रावधान है। सामान्यतः रविवि की वार्षिक परीक्षाओं में डेढ़ लाख छात्र ही शामिल होते हैं। परीक्षा में शामिल छात्रों के अनुपात में प्रश्नपत्र छपाई में खर्च होने वाली राशि अत्यधिक है। इसे लेकर ही एनएसयूआई ने ज्ञापन देते हुए जांच की मांग की है। इस दौरान निखिल वंजारी, वैभव मुजेवार, आलोक सिंह, केतन वर्मा, राहुल गुप्ता, खेमचन्द वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### प्रदीप प्रांताध्यक्ष, महासचिव चंदेल किशोर बने अतिरिक्त सचिव

**रायपुर।** फोरम ऑफ रिटायर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स इंडिया छत्तीसगढ़ का अधिवेशन और निर्वाचन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने सभा को संबोधित करते हुए देश व प्रदेश स्तर पर पेंशनधारियों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए संकल्प पारित किया कि शासन के समक्ष अन्य राज्यों की तरह पेंशनधारियों को केंद्र द्वारा घोषित तिथि से मंहगाई भत्ता एवं प्रतिमाह एक हजार रुपए चिकित्सा भत्ता के साथ राज्य शासन द्वारा प्रदेश और प्रदेश के बाहर मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों में कैशलेस चिकित्सा उपलब्ध कराने, पेंशन की राशि को आयकर मुक्त घोषित करने एवं अतिरिक्त पेंशन की पात्रता की उम्र 65 वर्ष करने तथा अन्य मांग के निराकरण के लिए शासन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। फोरम के महासचिव पीकेएस चंदेल द्वारा सचिवीय प्रतिवेदन एवं प्रांताध्यक्ष एलके गहवई द्वारा विगत कार्यकारिणी में किए कार्यों का विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि फोर्डे छत्तीसगढ़ पेंशनधारियों की समस्याओं के निराकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**प्रवचन : ओटेबंद बगीचा में श्रीमद् भागवत कथा जारी, पूर्णाहुति व भंडारा आज**

# मित्रता हो तो सुदामा और द्वारिकाधीश श्री कृष्ण के जैसी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

श्री विष्णु धाम महायज्ञ (मंदिर) ओटेबंद बगीचा में जारी श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन राष्ट्रीय संत राजेंद्र महाराज ने कहा कि मित्रता हो तो भगवान कृष्ण और सुदामा के जैसी। उन्होंने कहा कि जीवन में जब तक सुशीला जैसी धर्मपत्नी नहीं होगी, परमात्मा के पास जाने की प्रेरणा प्राप्त नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि मनुस्मृति के वेद पुराणों में पत्नी को धर्मपत्नी संज्ञा दी गई है। चार घरों से चावल मांग करके एक फटी सी पोटली में चावल बांध करके सुदामा के मित्र श्री कृष्णा के लिए भेजा। उन्होंने कहा कि कभी भी किसी के घर जाएं तो खाली हाथ न जाएं, यथा उचित व्यवस्था करके जाएं। बेटी के यहां जाएं तो कुछ ना कुछ लेकर जाना चाहिए, मित्र के यहां जो तो कुछ न कुछ भेंट लेकर जाना चाहिए। कथा सत्संग में जाएं, तो पत्र पुष्प फल द्रव्य लेकर जाना चाहिए। कथा वाचक राजेंद्र महाराज ने कहा कि जिस घर में नारी का सम्मान, बेटियों का सम्मान, अपने से बड़ों का सम्मान किया जाता है, उस घर में स्थिर लक्ष्मी का निवास होता है। उन्होंने कहा कि कलयुग में नाम की प्रधानता है, जितना हरि के नाम का स्मरण करेंगे, इसका पूर्ण फल प्राप्त होता है।

चार वेदों की महिमा का वर्णन करते हुए कथावाचक ने बताया कि जिस प्रकार नदियों में मां गंगा श्रेष्ठ है, क्षेत्र में काशी श्रेष्ठ है, इसी प्रकार 18 पुराणों में श्रीमद् भागवत श्रेष्ठ महापुराण है। जो भक्त इस कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का श्रवण करता है, उसके जीवन में सुख शांति समृद्धि रिद्धि सिद्धि सद्बुद्धि की प्राप्ति होती है। परमात्मा की नवधा प्रकार की भक्ति में श्रवण भक्ति श्रेष्ठ भक्ति है। गीता भगवान की वाणी है।

### श्री कृष्ण की वाणी का श्रवण करें, रामचरितमानस को जीवन में उतारें

श्रीमद् भागवत महापुराण वेदव्यास की वाणी है। श्री रामचरितमानस मानव जीवन का दिग्दर्पण है। कृष्ण की वाणी का श्रवण करके मनन किया जाए और रामचरितमानस को जीवन में उतारें, तो जीवन की गाड़ी अपने आप व्यवस्थित चलेगी। उन्होंने कहा कि सत्संग कथा सभी को जोड़ने का कार्य करती है। आज हवन एवं पूजन का कार्यक्रम होगा, जिसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## श्रीमद् भागवत कथा सुनने से खुल जाता हैं मोक्ष का द्वार : पं. रघुनंदन

- ग्राम चीरचार में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा जारी

**बालोद/निकुम।** ग्राम चीरचार में संगीतमय श्रीमद्भागवत में कथा के पांचवे दिन कथावाचक पंडित रघुनंदन प्रसाद दुबे ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से मोक्ष का द्वार खुल जाता है, सच्चे ह्दय, मन, वचन कर्म से हम जब नारायण को पुकारते है, वह स्वंय आ जाते है, मनुष्य तो केवल माया रुपी मकड़ी की जाल में फंसकर उलझता जाता है।



जीवन में संतों का संग और अन्न का कण जीवन में बिल्कुल ना गंवाएं, क्योंकि कर्म के पास ना कागज है, ना ही किताब है, लेकिन सारे जगत का हिसाब जगतपति के पास है।दुनिया के चार स्थान समुद्र, श्मशान, तृष्णा और मनुष्य का मन कभी नहीं भरता है। इसलिए तृष्णा को त्याग करें तभी जीव भगवान आनंदकंद कृष्णा की प्राप्ति कर सकता है।

लेकिन, जीव झूठी माया प्रपंच, क्षणिक सुख, अहंकार के कारण यत्र-तत्र भटक रहा है। जीवन में अपने बच्चों के लिए सिर्फ धन संचय ना करें, उसे संस्कारवान भी बनाये, नही तो जीवन में बहुत तकलीफ होती है। श्रीमद् भागवत की शरण में रहें। भगवान के अनेक नाम है, लेकिन सबसे सुंदर नाम भक्तवत्सल है, जो भी भक्त स्नेह, भाव भक्ति से बुलाये तो श्रीहरि जरुर आते हैं। गजेन्द्र के पैर जब ग्राह ने पकड़ा, गजेन्द्र ने प्रभु को पुकारा तो भगवान नंगे पैर आकर गजेन्द्र को बचाया। उसी प्रकार द्रौपदी को चीरहरण होने से बचाया। इसी तरह भक्त प्रहलाद की कथा व समुद्रमंथन की मधुर कथा बताई गई।



## धान पर मौसम का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सेवा सहकारी समितियों द्वारा की गई धान खरीदी के बाद मिलरों द्वारा धान का उठाव किया जा रहा है, लेकिन कई मिलरों के पास भी धान को सुरक्षित रखने की व्यवस्था नहीं है। मिलरों द्वारा समितियां से धन उठाने के बाद धन को खुले आसमान के नीचे रखा जा रहा है। खुले में पड़े धान को सुरक्षित रखने के लिए कई मिलों में पर्याप्त शेड भी नहीं है। खुले में धान रखकर उसे सुरक्षित करने के प्रति भी मिलर लापरवाही बरत रहे हैं। इससे सरकारी धान के पानी में भीगने का खतरा बढ़ गया है।

यह तस्वीर विकासखंड के ग्राम भेजा मैदानी स्थित एक राइस मिल की है, जहां धान खुले में रखा गया है। वहां शेड नहीं है। धान को तालपत्री से ढकने का प्रयास किया गया है। लेकिन, पर्याप्त मात्रा में तालपत्री की व्यवस्था नहीं करने से मंगलवार रात्रि हुई बारिश से धान भीग गया।

## कृष्ण कुंज के सामने चौपाटी से रौनक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद-दल्ली मुख्य मार्ग में स्थित कृष्ण कुंज गार्डन के ठीक सामने चलो चौपाटी के नाम से चौपाटी तैयार की गई है।

अध्यक्ष निधि से इस चौपाटी को तैयार किया गया है। हालांकि इसे तैयार करने में कुल कितनी राशि खर्च की गई है, इसकी जानकारी अध्यक्ष द्वारा नहीं दी गई है, लेकिन चौपाटी बनकर तैयार है, जहां लोगों का आना-जाना शुरू हो गया है। शाम होते ही इस मार्ग से होकर गुजरने वाले लोग तथा शहरवासी बर्थडे सेलिब्रेट, मनोरंजन तथा फास्ट फूड का स्वाद चखने यहां पहुंच रहे हैं। इसके कारण यहां शाम से लेकर देर रात तक माहौल बना रहता है। वहीं, रंग-बिरंगी लाइटिंग सिस्टम और भव्य रूप से तैयार की गई यह चौपाटी लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस चौपाटी में करीबन 20 गुमटियां हैं, जिसमें से कई गुमटियां बंद पड़ी हुई हैं। हालांकि सभी गुमटियों का आवंटन हो चुका है, लेकिन आवंटन होने के बाद भी व्यवसाय करने वाले यहां दुकान लगाने में अभी रुचि नहीं दिखा रहे हैं। अब इसका कारण क्या है, इसे लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

## शासकीय विद्यालय घीना की रसोइया निर्मला ने बच्चों को दिया न्योता भोज



**बालोद।** शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला घीना में निर्मला तारम ने अपने जन्म दिवस में सभी बच्चों को न्योता भोज दिया। निर्मला तारम उसी विद्यालय में रसोईया भी हैं। उसने खीर, पूड़ी और फल के साथ न्योता भोज देकर अपने जन्म दिन को उल्लास पूर्वक मनाया। विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं प्रधान पाठक टीएस. साहू, केसर पटेल, सुरेंद्र ठाकुर, केपी. सिन्हा, रूपसिंह रावटे उपस्थित थे।

## जन्मदिन पर बच्चों को कराया न्योता भोज



**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ओड़ारसकरी में न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ओड़ारसकरी के प्रधान पाठक श्रीमती किरण सोनी द्वारा दिया गया। किरण मैडम ने अपने जन्मदिन के अवसर पर बच्चों को न्योता भोज कराया।

## होली करीब, नगाड़ों की दुकानें सजीं...



**बालोद।** रंगों का त्यौहार होली को महज तीन दिन का शेष समय रह गया है। जिला मुख्यालय के बुधवारी बाजार सहित मुख्य सड़क किनारे व चौक चौराहे में नगाड़े की दुकान सज चुकी है। यहां छोटे-बड़े नगाड़े की बिक्री शुरू हो गई है। वहीं, दूसरी ओर रंग गुलाल और पिचकारियों की बिक्री भी खूब हो रही है।

## गुंडरदेही में किया गया महिलाओं का सम्मान

**जिला महिला पतंजलि योग समिति द्वारा किया गया कार्यक्रम का आयोजन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

जिला महिला पतंजलि योग समिति द्वारा सामुदायिक भवन गुण्डरदेही में महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री शमशाद बेगम थीं, अध्यक्षता पतंजलि सह राज्य प्रभारी छत्तीसगढ़ ममता साहू ने की। विशेष अतिथि जिला प्रभारी मधु कौशल, अध्यक्ष जिला युवा भारत मुकेश आरदा, संरक्षक केशव राम साहू, अध्यक्ष पतंजलि योग समिति गुण्डादेही रामलाल सिंघाड़े थे। इस अवसर पर मितानिन बैजंती साहू, प्राचार्य नहदा सरोज साहू, सेवानिवृत प्राचार्य कमल वर्मा, गायत्री परिवार से गोमती साहू, पद्मिनी साहू, स्वच्छता कर्मचारी नगर पंचायत गुण्डरदेही शकुंतला सोनवानी, मोना यादव, माधवी सोनवानी, रुखमणी बंजारे, यामिनी बोरझरिया, लता यादव, गुलमत एवं स्व सहायता समूह के चुन्नी निषाद, निशा मारकंडे आदि का सम्मान किया गया। अमेरिका साहू, अस्ति साहू, काव्या साहू, तोयनिधि ने योग के कठिन आसनों का प्रदर्शन कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। महिलाओं द्वारा विभिन्न खेलकूद, देशभक्ति गीत भजन आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अन्य महिलाओं में सरला चंद्राकर, ममता निषाद, प्रज्ञा साहू, नमिता साहू, शैल महोबिया, सतवंतीण, रामेश्वरी, कुसुम लता मांडवी, मोनिका आरादा, भुवनेश्वरी, देवेश, सुमन, मोतीम पटेल, संध्या सिन्हा, लक्ष्मी निषाद उपस्थित थे।

## नवीन शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने डीईओ मरकले से की मुलाकात



**बालोद/सिकोसा।** नवीन शिक्षक संघ के जिला प्रतिनिधि मण्डल ने प्रांत उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिन्हा एवं जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश साहू के नेतृत्व में नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले से सौजन्य भेंट की। जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश साहू ने बताया कि संघ ने मांग की कि ऐसे शिक्षक जिन्होंने स्वयं के खर्च से डीएड व बीएड किया है, उन्हें नियमानुसार वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए। जीपीएफ राशि की कटौती राशि को पासबुक में संधारण किया जाए जिससे जीपीएफ राशि की जानकारी सतत प्राप्त हो सके। 1 अप्रैल से मॉर्निंग स्कूल प्रारंभ करने का निर्देश डीईओ कार्यालय द्वारा शीघ्र जारी किया जाए जबकि विभाग से पूर्व में अप्रैल माह से प्रातःकालीन विद्यालय लगाने का आदेश जारी किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आदेश जारी नहीं होने पर असमंजस की स्थिति निर्मित होती है। विधानसभा चुनाव में ड्यूटी किए शिक्षकों के मानदेय अप्राप्त है, उन्हें भुगतान करने, सर्विस बुक का संधारण करने, शिक्षक पद पर पदोन्नति के बाद पदांकन संशोधन करवाने वाले शिक्षकों का चार माह का वेतन लंबित है। वेतन भुगतान की मांग संघ ने डीईओ से की है।

## कलेक्टर-एसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



बालोद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल तथा पुलिस अधीक्षक सूरजनराम भगत ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में पहुँचकर स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए अलग-अलग स्ट्रांग रूम के अलावा मतगणना कक्ष आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को गणना कक्ष में अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा राजनैतिक दलों के अभ्यथऍयों तथा मीडियाकर्मियों के लिए पृथक-पृथक प्रवेश द्वार बनाने तथा अन्य सभी व्यवस्थाओं को शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल लाईवलीहुड कॉलेज परिसर में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए सामग्री वितरण तथा जमा करने के लिए निर्धारित स्थल के अलावा पार्किंग के लिए निर्धारित स्थान का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम के प्रवेश द्वार में सुरक्षा के पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने तथा स्ट्रांग रूम में केवल अधिकृत व्यक्ति को ही समुचित रूप से जाँच आदि के उपरांत प्रवेश देने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक सहित सहायक निर्वाचन अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।





